<><><><><><><><>

- दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने कहा तीन नए आपराधिक कानून को लागू करने से पहले द्वीपसमूह में पुलिस बल को पूरी तरह प्रशिक्षित किया जा चुका है।
- अंडमान निकोबार कमान मुख्यालय की ओर से ग्रेट निकोबार के बुजुर्ग नागरिकों के लिए भूतपूर्व सैनिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- निकोबार ज़िले में सम्पूर्णता अभियान चलाया जा रहा है।
- पर्यटन विभाग अन्य विभागों और प्रमुख पर्यटन हितधारकों के सहयोग से मानसून पर्यटन मेला का आयोजन करेगा।
- आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत मीठाखाड़ी के सामुदायिक हॉल में वृद्धजनों के स्वास्थ्य देखभाल पर कल शिविर का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने कहा तीन नए आपराधिक कानून को लागू करने से पहले द्वीपसमूह में पुलिस बल को पूरी तरह इस बारे में प्रशिक्षित किया जा चुका है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि इन तीन नए आपराधिक कानूनों को न्याय समानता और मूल्यों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।
श्रीमती निहारिका भट्ट से की गई बातचीत का विस्तृत ब्यौरा आप हमारे आमने–सामने कार्यक्रम में सुन सकते हैं। इसे कल शाम साढ़े छः बजे प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान मुख्यालय की ओर से ग्रेट निकोबार के बुजुर्ग नागरिकों के लिए भूतपूर्व सैनिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैम्पबेल बे के सामुदायिक हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बाला कृष्णन और श्रीमती लता साजू ने किया। कार्यक्रम में चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कैम्पबेल बे और आस–पास के क्षेत्र के करीब एक सौ बीस भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों ने भाग लिया। तीसरे और चौंथे चरण के तहत अंडमान निकोबार कमान की मुख्यालय की टीम द्वारा लिटिल अंडमान, कार निकोबार, कमोर्टा और ननकौड़ी में इसी तरह का कार्यक्रम आयोजित होगा।

<><><><><><><><>

केंद्र ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत मानकों और नियामक व्यवस्था के विकास के लिए परीक्षण सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और संस्थागत समर्थन के वित्तपोषण के दिशा–निर्देश जारी किए हैं। यह योजना वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस तक कुल दो सौ करोड़ रुपये के बजट के साथ शुरू की जायेगी। इसे राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान लागू करेगा। इस योजना में जी एच 2 उत्पादन और व्यापार में गुणवत्ता, स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मजबूत गुणवत्ता और निष्पादन परीक्षण सुविधाओं का विकास शामिल है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन पिछले वर्ष चार जनवरी को वित्त वर्ष दो हजार उनतीस–तीस तक उन्नीस हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक के आवंटन के साथ शुरू किया गया था।

<><><><><><><><>

निकोबार ज़िले में सम्पूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। तमालू गांव के प्रियदर्शनी हॉल में कल कार निकोबार के सहायक आयुक्त मुख्यालय ने इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कार निकोबार के सभी ब्लॉकों के संबंधित विभागों को शत–प्रतिशत लक्ष्य जल्द से जल्द प्राप्त करने को कहा। आई सी डी एस आदिवासी परियोजना की ओर से पौष्टिक आहार मेला तथा बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के सभी लोगों ने बढ़–चढकर हिस्सा लिया। विभागों की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ग्रामवासियों ने अपने नाम दर्ज करवाए। ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को स्मारिका भेंट की गई।

<><><><><><><><>

पर्यटन विभाग अन्य विभागों और प्रमुख पर्यटन हितधारकों के सहयोग से मानसून पर्यटन मेला का आयोजन करेगा। बारह जुलाई को रोड शो के साथ उत्सव का आगाज़ होगा। तेरह और चौदह जुलाई को शाम तीन बजे से रात्रि नौ बजे तक कर्वाइंस कोव तट पर समारोह आयोजित होगा। हर वर्ष जुलाई के मध्य में मानसून पर्यटन उत्सव का आयोजन किया जाता है, ताकि द्वीपसमूह को पूरे साल पर्यटक गंतव्य के रूप में बढ़ावा मिल सके। जलक्रीड़ा गतिविधियों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि पर्यटक भी इसका आनन्द उठा सके। दो दिवसीय उत्सव के दौरान खान–पान के स्टॉल लगाए जाएंगे। वर्षा नृत्य का भी आयोजन होगा। खान–पान के स्टॉल लगाने के इच्छुक लोगों से आवेदन फार्म पांच हजार रूपये की सुरक्षा जमा राशि के साथ नौ जुलाई से पहले प्राप्त कर इसे पर्यटन विभाग के योजना प्रकोष्ठ में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><>

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाए जाने के सिलसिले में भारतीय जनता पार्टी की ओर से पर्यावरण जागरूकता पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया है। कल सुबह सात बजे से दस बजे तक नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कल दिन में ग्यारह बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित होगा।

<><><><><><>

आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत मीठाखाड़ी के सामुदायिक हॉल में वृद्धजनों के स्वास्थ्य देखभाल पर कल शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुबह दस बजे से दिन में एक बजे तक चलने वाले शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांच के अलावा होमियोपैथी आयुर्वेद के डॉक्टरों से मरीज परामर्श भी ले सकते हैं। क्षेत्र के लोगों से इस आयुष शिविर का लाभ उठाने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><>

आम जनता की सुविधा के लिए नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के विभाग की ओर से विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक आयोजित होने वाला यह शिविर कल वन्डूर में लगेगा। आठ और नौ तारीख को मीठाखाड़ी, दस और ग्यारह जुलाई को नमूनाघर, बारह और तेरह जुलाई को टुशनाबाद तथा पन्द्रह और सोलह जुलाई को वृंदावन तथा अट्ठारह और उन्नीस जुलाई को मनारघाट में शिविर लगेगा। अन्य दिनों के अलग–अलग तारीखों में भी शिविर लगाया जाएगा।

<><><><><><>

मत्स्य विभाग की ओर से समुद्री सजावटी मछली पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया। इस अवसर पर मत्स्य निदेशक विक्रम सिंह ने प्रतिभागियों से विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का अनुरोध किया। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभाग की ओर से प्रशिक्षणार्थियों को गतिविधियां चलाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। एन आई ओ टी के प्रभारी अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार झा ने मत्स्य विभाग से इसी तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके विभाग से आयोजित करने का अनुरोध किया। केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान कोच्चि के डॉ. अमरीश पी. गोप ने भविष्य में इसी तरह का विशेषज्ञ सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मत्स्य विभाग के संयक्त निदेशक डॉ. के. गोपाल और उप–निदेशक वी. शीजा ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><>

विश्व बैडमिन्टन दिवस के अवसर पर आज मायाबंदर बैडमिन्टन क्लब की ओर से दोस्ताना बैडमिन्टन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने इसका उद्‌घाटन किया। फाइनल में एविस की टीम ने टीम साउंड को एक के मुकाबले दो सेट से पराजित कर दिया।

<><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि इक्कीस जुलाई तक बढ़ा दी गई है। उम्मीदवार सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><>